उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : जबलपुर

// आदेश //

क्रमांक C/3571/ जबलपुर, दिनांक 13/08/2018

श्री हरिकुमार सी.जी. नायर, निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर को समानता के आधार पर विशेष प्रकरण मानते हुये निजी सहायक के पद पर दिनांक 13.10.2001 एवं निजी सचिव के पद पर दिनांक 14.09.2009 से काल्पनिक पदोन्नति (Notional promotion) प्रदान की जाती है। उन्हें नियमानुसार पारिणामिक लाभ देय होंगे। उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 19.03.2018 एवं 18.06.2018 के वचन अनुसार वे उनसे पूर्व पदोन्नत कनिष्ठ कर्मचारियों के ऊपर किसी भी प्रकार की वरिष्ठता के हकदार नहीं होंगे।

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय
के आदेशानुसार

10/8/18

(अरविन्द कुमार शुक्ला)
रजिस्ट्रार जनरल

पृष्ठांकन क्रमांक C/3572 जबलपुर, दिनांक 13/08/2018

प्रतिलिपि :–

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर, इंदौर (म.प्र.)
2. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ, ग्वालियर, नवीन उच्च न्यायालय भवन, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)
3. रजिस्ट्रार, प्रशासन/कम–पी.पी.एस. उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
4. रजिस्ट्रार (आई.टी.) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर आदेश उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु,
5. कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय, जबलपुर/इंदौर,
6. लेखा अधिकारी, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
7. कोर्ट मैनेजर, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश मुख्यपीठ जबलपुर,
8. असिस्टेंट रजिस्ट्रार स्थापना/आई.टी., उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
9. अनुभाग अधिकारी, स्थापना/लेखा/बजट/पेंशन, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
10. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
11. सहायक स्थापना/अवकाश/लेखा/बजट/पेंशन/सेवा पुस्तिका/वेतन पत्रक, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
12. ऑफिस टायपिस्ट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर,
13. श्री हरिकुमार सी.जी. नायर, निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर, इंदौर (म.प्र.)

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(सतीश चन्द्र राय)
रजिस्ट्रार (प्रशासन)

उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, मुख्यपीठ जबलपुर

// आदेश //

क्रमांक C/13573/ जबलपुर, दिनांक 13/08/2018

श्री विनोद परमार आत्मज स्व. श्री शालीग्राम परमार, को अस्थायी एवं स्थानापन्न रुप से आगामी आदेश पर्यन्त, भृत्य के पद पर वेतनमान रूपये 4440–7440/– + ग्रेड पे रू. 1300/–) में नियमानुसार समय–समय पर देय भत्तों सहित 2 वर्ष की परीवीक्षा पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से निम्नांकित शर्तो पर उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इन्दौर की स्थापना पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाती है :–

1. यह कि, वे शपथ लें कि विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति श्रृद्धा व सच्ची निष्ठा रखेंगे।

2. यह कि वे 15 दिवस के अंदर प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, खण्डपीठ इन्दौर के कार्यालय में उपस्थित होकर किसी कार्य दिवस पर निर्धारित प्रपत्र में इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उन्हें कभी भी किसी भी आपराधिक मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया है या किसी भी पुलिस थाने या न्यायालय में भारतीय दण्ड संहिता अथवा अन्य किसी विधि के अधीन किसी भी प्रकार कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हुआ है और न ही ऐसा कोई मामला लंबित है तथा किसी भी अपराध के लिये न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया है और न ही शासकीय सेवा में चयन हेतु वर्जित किया गया है, यह कि आज दिनांक तक मुझे किसी भी विश्वविद्यालय या किसी भी अन्य शैक्षणिक प्राधिकरण/संस्था द्वारा किसी भी परीक्षा में बैठने से वर्जित नहीं किया गया है और न ही निष्कासित किया गया है । यह कि मैंने अपने आवेदन में जो भी जानकारियॉ दी है एवं दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं वे पूर्णतः सत्य व सही हैं । यदि प्रस्तुत जानकारी एवं दस्तावेज असत्य पाये जाते हैं तो मेरी सेवा तत्काल समाप्त की जा सकेंगी तथा मेरे विरूद्व असत्य शपथपत्र प्रस्तुत करने के लिये भी आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा सकेगा जो मुझे स्वीकार एवं मान्य होगा यदि चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने पर मुझे शासकीय सेवा के अयोग्य पाया जाता हैं तो मेरी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा ।

3. यह कि, वे समस्त दस्तावेज जिनकी प्रतियां पूर्व में प्रस्तुत की गई थी की मूलप्रतियों को लेकर उपस्थित होंगें। यदि पदभार ग्रहण करते समय दस्तावेजों के परीक्षण में यह पाया गया कि वे अनिवार्य योग्यताएं धारण नहीं करते है तो यह आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त माना जावेगा ।

4. यह कि, उन्हें मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ–9/3/2003/नियम/चार भोपाल, दिनांक 13–04–2005 के अनुसार पारिभाषित अंशदान पेंशन प्रणाली लागू होगी।

5. यह कि, उन्हें स्वयं के व्यय पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वस्थ्यता परीक्षण का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थ्यता का प्रमाण–पत्र प्रतिकूल होने की दशा में नियुक्ति आदेश स्वमेव निरस्त माना जावेगा।

6. यह कि, वे बिना पूर्वानुमति के कोई अग्रिम शैक्षणिक अध्ययन नहीं करेंगे और न ही उससे संबंधित किसी परीक्षा में सम्मिलित होंगें। उन्हें स्वाध्यायी छात्र के रूप में भी किसी शैक्षणिक अध्ययन करने या परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

7. यह कि आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण पत्रों के तथ्यों को छिपाये जाने, कूटरचित या फर्जी पाये जाने या अन्य किसी भी कारण से गलत पाये जाने पर नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

8. यह कि, उनकी सेवायें बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय बिना कारण बताये समाप्त की जा सकेंगी और यदि वे सेवा से पृथक होना चाहेंगे तो उन्हे एक माह पूर्व सूचना देनी होगी अथवा सूचना के अभाव में एक माह के वेतन भत्तों के बराबर राशि नगद जमा करनी होगी।

9. यह कि उन्हें किसी अन्य विभाग में नौकरी के लिए आवेदन देने के पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा। बिना अनुमति के सीधे आवेदन पत्र भेजे जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

10. यह कि उन्हें नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात् 15 दिवस अथवा उच्च न्यायालय द्वारा बढ़ाई गई समय सीमा के अंदर कार्यभार ग्रहण न करने पर नियुक्ति स्वमेव निरस्त समझी जावेगी ।

11. यह कि उन्हें लिखित रूप से अभिस्वीकृति देनी पड़ेगी कि उसे उपर्युक्त सभी शर्तें मान्य हैं और भविष्य में समय–समय पर जो भी संशोधन अथवा जो भी परिवर्तन होंगे वे भी उसे मान्य होंगे एवं सभी शर्तों के संबंध में लिखित स्वीकृति जो कि दो साक्षियों द्वारा अनुप्रमाणित हों, प्राप्त होने पर ही नियुक्ति आदेश प्रभावशील माना जावेगा ।

12. यह कि वे पाँच वर्ष तक स्थानांतरण के संबंध में कोई आवेदन–पत्र प्रस्तुत नहीं करेंगे किन्तु विशेष परिस्थितियों में माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा निर्धारित अवधि के पूर्व स्थानांतरण संबंधी आवेदन पत्र पर विचार किया जा सकेगा।

13. यह कि उन्हें शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्यता का प्रमाण– पत्र, शपथ–पत्र एवं मूल प्रमाण–पत्रों के परीक्षण उपरांत संतुष्ट होने पर ही कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति रजिस्ट्रार जनरल दे सकेंगे।

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय के आदेशानुसार,

(अरविन्द कुमार शुक्ला)
Par रजिस्ट्रार जनरल

पृष्ठांकन क्रमांक C/13574 जबलपुर, दिनांक 13/08/2018

प्रतिलिपि :–

1. रजिस्ट्रार प्रशासन/न्यायिक 1 एवं 2/डी.ई/ई./आई.एल./(सतर्कता) /एक्जाम एंड लेबर ज्यूडिशियरी/कम–पी.पी.एस., उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
2. रजिस्ट्रार (आई.टी.) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर इस अनुरोध के साथ कि आदेश उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाईड पर अपलोड कराने हेतु
3. कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय, इन्दौर,
4. लेखा अधिकारी, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
5. ज्वाईंट रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर,
6. डिप्टी रजिस्ट्रार ....., उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
7. कोर्ट मैनेजर, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इन्दौर,
8. असिस्टेंट रजिस्ट्रार ..... उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
9. अनुभाग अधिकारी स्थापना, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
10. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
11. प्रिन्सीपल रजिस्ट्रार, न्यायिक/सतर्कता/आई. एल. आर. महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
12. सहायक स्थापना उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
13. उपस्थिति लिपिक, उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, जबलपुर,
14. दो अतिरिक्त प्रति सहित आफिस टायपिस्ट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
15. श्री विनोद परमार, आत्मज स्व. श्री शालीग्राम परमार, 15/1,माली मोहल्ला, एमओजी.लाईन, इन्दौर (म.प्र.)

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

(सतीश चन्द्र राय)
रजिस्ट्रार (प्रशासन)
Par

/प्रीति/

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : मुख्यपीठ जबलपुर

// आदेश //

क्रमांक C/3575 / जबलपुर, दिनांक 13/08/2018

श्री हरि प्रसाद, भृत्य, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर को शासकीय आवास में निवासरत रहते हुये अपने पुत्र तथा मित्रगणों के साथ शराब पीकर उत्पात मचाने, गाली–गलौज करने एवं मारने की धमकी देने के फलस्वरूप चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में स्वयं को इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रखें, असफल रहने पर आपके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

(अरविन्द कुमार शुक्ला)
रजिस्ट्रार जनरल
for

पृष्ठांकन क्रमांक C/3576 / जबलपुर, दिनांक 13/08/2018

प्रतिलिपि :–

1. रजिस्ट्रार प्रशासन, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
2. ज्वांइट रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल), उच्च न्यायोलय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
3. डिप्टी रजिस्ट्रार, ...उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
4. अनुभाग अधिकारी स्थापना/प्रोटोकॉल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
5. सहायक स्थापना, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर,
6. सहायक सेवा पुस्तिका, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर,
7. श्री हरिप्रसाद, भृत्य, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(सतीश चन्द्र राय)
रजिस्ट्रार (प्रशासन)
for